गरीबों को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही भाजपा सरकार: मुख्यमंत्री

नायब सैनी ने करनाल में श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

➪ पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का किया है काम

जगमार्ग न्यूज

करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी सरकार ने जिसने देश व प्रदेश में श्रमिकों की भलाई के लिए कार्य किया है।

मोदी ने गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई विपक्ष के पेट में उसके लिए भी दर्द है। कांग्रेस जैसी पार्टियां खुद तो श्रमिकों और गरीबों के लिए कुछ नहीं कर पाई। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। भाजपा सरकार गरीब की मजबूती के लिए काम करने वाली सरकार है। गरीबों को कैसे मजबूत किया जाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए काम करते रहते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल की नई अनाज मंडी में राष्ट्रीय कामगार संघ की ओर से आयोजित श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके अलावा भी मुख्यमंत्री ने करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की।

उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के लिए वोट की अपील की। श्रमिकों ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वादा किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष ने केवल श्रमिकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने न तो श्रमिकों के बारे में आज तक सोचा और न ही कोई योजना बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के बारे में सोचा और उनकी भलाई के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की।

उन्होंने कहा कि सरकार ने देश व प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को लाभ पहुंचाया। हरियाणा प्रदेश के श्रमिकों को कोई दिक्कत न आए इसके लिए काम किया। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए श्रमिकों की बात सुनी और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। सीएम ने कहा कि श्रमिकों को भविष्य में भी कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी सरकार उनके साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। उन्होंने आह्वान किया कि करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा का साथ दें ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, संघ के अध्यक्ष जंग बहादुर, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, ओमप्राकश, रोहताश जांगडा, श्याम लाल, पूनम ठाकुर सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने ली पीठासीन अधिकारियों की बैठक

गुंजन

इंद्री, (जगमार्ग न्यूज)। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अशोक कुमार ने अपने कार्यालय में लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान विधानसभा क्षेत्र-20 की चयनित पोलिंग पार्टियों में नियुक्त पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पोस्टल बैलेट पेपर फॉर्म 12 का पूर्ण विवरण व फार्म 12 से संबंधित अन्य जानकारी पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों को दी। एसडीएम ने बैठक में बताया कि पोस्टल बैलेट पेपर फार्म-12 उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जारी किया जाएगा, जिनकी उनके निर्वाचन क्षेत्र से बाहर ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी पोस्टल बैलेट पेपर फार्म-12 में अपना पूर्ण विवरण भरकर संबंधित निवार्चन अधिकारी के पास जमा करवा सकते हैं। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई अधिकारी या कर्मचारी पोस्टल बैलेट पेपर फॉर्म-12 भरकर देता है उसे अच्छी तरह से चेक कर लें। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्पक्षता एवं आपसी तालमेल से चुनाव कार्य करें और किसी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी पर तैनात होने वाले सभी कर्मियों की विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तैनात कर्मियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी) तथा दूसरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के लिए ही पोस्टल बेल्ट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी और उन्हें पोस्टल बैलेट फॉर्म 12 भरना होगा।

चुनाव आचार संहिता की आड़ में नई अवैध कॉलोनी न पनपने दें

➪ अवैध कॉलोनी व निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

जगमार्ग न्यूज

करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त ने डीटीपी को निर्देश दिए कि जिला में नई अवैध कॉलोनियों को पनपने न दिया जाए। अगर कोई चुनाव आचार संहिता की आड़ में कॉलोनी विकसित करता है तो उसे बख्शा न जाए और उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव आचार संहिता की आड़ में नई अवैध कॉलोनियां विकसित करने की फिराक में रहते हैं ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए और संबंधित विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया जाता है उनकी भी दुबारा से जांच करते रहें कि वे दुबारा निर्माण कार्य नहीं किया गया। अगर वहां दोबारा से निर्माण कार्य किया गया है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएं। बैठक में डीटीपी ओमप्रकाश ने बताया कि जनवरी 2024 से लेकर 5 मार्च तक 23 अवैध निर्माण व कॉलोनियों को ध्वस्त करने का शेड्यूल बनाया गया था जिसमें से 19 को ध्वस्त किया गया तथा 4 अवैध कॉलोनियों/निर्माण कार्यो पर पुलिस बल उपलब्ध होने के उपरांत तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2022 से लेकर 10 अप्रैल 2024 तक 73 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से पुलिस विभाग द्वारा 58 में एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं तथा शेष जांच प्रक्रिया में हैं। इसी प्रकार से कंट्रोल्ड एरिया से संबंधित 23 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिनमें से 18 में पुलिस विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं तथा शेष जांच प्रक्रिया में हैं। डीटीपी ने बताया कि 19 जुलाई 2022 में जिला में पहले से विकसित 60 अवैध कॉलोनियां पाई गई थीं। सरकार की पॉलिसी के अनुसार 46 कॉलोनी वासियों ने नियमित करने के लिए विभाग के पास आवेदन किया है। इनमें से 22 कॉलोनियां नियम व शर्तें पूरी करती हैं और इनमें से 2 कॉलोनियां नियमित हो चुकी हैं, 20 के आवेदन सरकार के पास विचाराधीन हैं तथा शेष 24 कॉलोनियां नियमित होने की शर्तें पूरी नहीं करतीं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन 14 कॉलोनी वासियों ने नियमित होने के लिए अभी तक आवेदन नहीं किया है उनकी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिला समन्वयक व राज्य टीम सदस्य ने किया कार्यशाला का निरीक्षण

जगमार्ग न्यूज

इंद्री। स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत खंड के अध्यापकों का दूसरे चरण का एफएलएन प्रशिक्षण बीईओ अंजु सरदाना की देखरेख तथा खंड समन्वयक धर्मेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में शुरू हुआ। एफएलएन के जिला समन्वयक विपिन शर्मा तथा निपुण टीम हरियाणा के सदस्य मोक्षित जैन ने प्रशिक्षण कार्यशाला का अवलोकन करते हुए शिक्षण तथा मूल्यांकन के तौर तरीकों पर अध्यापकों से प्रश्न पूछे? विपिन शर्मा ने कहा कि बच्चों के बीच कार्य करते हुए पाठ योजना बना कर काम करना चाहिए ताकि समय व ऊर्जा का उचित प्रयोग हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षण बहुत ही सचेत कार्य है। विभिन्नताओं और विशिष्टताओं से युक्त बच्चों के समूह के बीच कार्य करना विशेषज्ञता एवं योजना की मांग करता है। अध्यापकों के समूह 3 में धर्मेंद्र चौधरी व सुनंदा द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य में अध्यापकों द्वारा पठन, मूल्यांकन आदि पर तैयार किए गए चार्ट प्रस्तुत किए गए। राज्य एफएलएन टीम के सदस्य मोक्षित जैन ने ग्रुप 1 में अध्यापकों के बीच बैठकर मास्टर ट्रेनर्स तथा अध्यापकों के बीच प्रशिक्षण के दौरान होने वाले होने वाले संवाद को गहरे से समझा और मास्टर ट्रेनर रविंद्र शिल्पी व मोनिका से चर्चा की। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन शर्मा डाइट प्राध्यापक करनैल सिंह के साथ समूह 2 व 4 का भी अवलोकन किया।

72 घंटे में गेहूं खरीद व भुगतान के सभी दावे हुए फेल: राजीव

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान बर्बादी के कगार पर हैं। किसानों की लाखों मैट्रिक टन गेहूं व सरसों खुले में मंडियों में पड़ी है। सरकार की तरफ से गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान समय पर न होने के कारण किसानों में भारी रोष है। क्षेत्र में बार-बार बारिश होने के कारण लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों किसानों की खराब हो चुकी है। सरकार के 72 घंटे में गेहूं खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं। अपने वायदे के अनुसार तुरंत प्रभाव से किसानों की गेहूं का उठान करके भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों व आम जनता की जान-माल की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिएं।

मतगणना केंद्रों व स्ट्रांग रूम में हो सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

करनाल, (जगमार्ग न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला में बनाए जाने वाले मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम में निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सुरक्षा के व्यापक प्रबंध होने चाहिए। सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों लगाए जाएं। जिला में अगर कहीं मादक पदार्थों की आवाजाही होती है तो तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें। डीसी प्रशांत पंवार कैंप कार्यालय में सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उन्होंने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित तैयारियों की फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन दिनों जो भी राजनीतिक दलों के नेता रैलियां कर रहे हैं, उन पर वीएसटी यानि वीडियो सर्विलांस टीम के माध्यम से पूरी नजर रखकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार रखें, ताकि समय पर उसे उपयोग में लाया जा सके।

मोदी सरकार में भारत को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली: भगवान दास कबीर पंथी

अशोक वर्मा

निसिंग, (जगमार्ग न्यूज)। पूर्व विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे राजनीति की दशा व दिशा बदल सकती है। केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर गौर करें तो देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में भारत का सम्मान बढ़ा है। शुक्रवार को पूर्व विधायक भगवानदास कबीर पंथी निसिंग की पुरानी मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनसभा स्थल का जायजा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए बोल रहे थे। पंथी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 30 अप्रैल को रोड़ शो के दौरान गांव डाचर से होते हुए एक खुली जीप में सवार होकर निसिंग की पुरानी अनाज मंडी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसमें भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। भगवानदास कबीर पंथी ने कहा कि मोदी सरकार में भारत को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। अनुच्छेद 370 को हटाया, अल्पसंख्यकों से जुड़े अहममुद्दे हल किए। नागरिकता संशोधन कानून व एनआरसी लागू करवाया। गरीब सवर्णों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारम योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना व नेशनल एजुकेशन पॉलिसी सहित अन्य अहम कदम उठाए है। जिसका देश की जनता को लाभ पहुंच रहा है।

बाल विवाह करना कानून अपराध: डीसी प्रशांत पंवार

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है, तो यह कानूनन अपराध है। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाती है, जिसके तहत सजा व जुर्माने का भी प्रावाधान है। उन्होंने बताया कि 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर लोगों द्वारा बड़ी संख्या में विवाह/शादियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें बाल विवाह का आयोजन करने की भी संभावना बनी रहती है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए विवाह करवाने वाले पुजारी / पाठी, गांव के पंच-सरपंच व नंबरदार तथा शहरों में नगर पार्षद इत्यादि से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में किसी बाल विवाह का आयोजन न होने दें।

दिव्यांशु बुद्धिराजा को कांग्रेस का टिकट मिलने पर सभी वर्गों में उल्लास का माहौल: राजेश वैध

महाबीर मैहला

नीलोखेड़ी, (जगमार्ग न्यूज)। हरियाणा लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट व करनाल लोकसभा के डिवीजनल कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर राजेश वैध ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का युवा चेहरा दिव्यांशु बुद्धिराजा भारी वोटों से जीत दर्ज करेगा व कांग्रेस का घोषणा पत्र पांच न्याय और 25 गारंटी के माध्यम से हर भारतीय के लिए सर्वश्रेष्ठ का वादा करता हैं। देशवासी इस नए संकल्प के साथ भारत के नए और सुनहरे कल के निर्माण के लिए आगे आए और कांग्रेस का हाथ मजबूत करें। उक्त विचार राजेश वैध ने आज अपने नीलोखेड़ी कांग्रेस कार्यालय पर दिव्याशु बुद्धिराजा को टिकट मिलने पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस बार हर बूथ पर मुस्तैद व चौकन्ने होकर सब ने बुद्धिराजा को जीता कर अपनी ड्यूटी निभानी है। वैध ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में रोजगार, सामाजिक न्याय के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की बात की है, पार्टी ने वादा किया है कि वो बिना भेदभाव के प्रत्येक नागरिक के हक, धार्मिक स्वतंत्रता और उनसे जुड़े हकों और संघवाद की रक्षा करेगी और लोकतंत्र की परिभाषा को चुनाव और वोट से आगे ले जाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस ने युवाओं के रोजगार के संबंध में ट्रेनिंग के लिए लाख रुपये प्रति युवा देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों से वादा किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून भी लाया जाएगा।

पूंडरी में पीब्ल्युडी विभाग पैचवर्क में कर रहे लीपापोती, दुकानदारों में रोष

अश्वनी खुराना

पूंडरी बाजार की सड़क पर पैचवर्क में उखड़ती बजरी।

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। पूंडरी में मुख्य बाजार की सड़क पर पीडब्ल्युडी विभाग द्वारा सड़क पर बने खड्डों को भरने में लीपापोती की जा रही है। गिरधरलाल अहलुवालिया चौंक से लेकर पुलिस चौंकी तक सड़क पर पैचवर्क का कार्य किया गया। जिसके चलते खासकर दुकानदारों में काफी रोष है। दुकानदार विनोद मंगल, रणदीप मैहला, राजेश कुमार, नीरज कुमार, रोशनलाल, काका, रजनीश ने बताया कि सड़क में बारिश के बाद से जगह-जगह खड्डे बने हुए थे, जिनमें दुर्घटना घटने व पूरे दिन धूल मिट्टी उड़ती रहती थी। जिसकी शिकायत बार-बार विभाग को भी की जा रही थी। जिसके बाद अब विभाग द्वारा खड्डे भरने का काम किया जा रहा था। दुकानदारों में इस बात को लेकर गहरा रोष था कि खड्डों में बजरी व तारकोल तो डाला जा रहा था, लेकिन कोई भी रोलर से इसे दबाया नहीं जा रहा था। जिससे बजरी ऊपरी सतह पर पड़ी रहने से वाहनों के साथ बजरी छिंटकर आसपास के दुकानदारों तक लग रही है। जिससे चोट लगने का भी भय बना रहता है।

> बारिश के बाद सड़क जगह-जगह से टूट गई थी। जिसके लिए सड़क पर वैचवर्क का कार्य करवाया गया है। अगर पैचवर्क की जगह बजरी निकल रही है तो, उस पर रोलर चलवा देंगे।
> -गुरदीप सिंह, एसडीओ पीडब्ल्युडी पूंडरी।

बैठक डीसी प्रशांत पंवार ने ली जिला मलेरिया कार्यकारिणी समिति की बैठक

डेंगू जांच के लिए 600 रुपए से अधिक वसूले तो होगी कार्रवाई

➪ जिला नागरिक अस्पताल में बनाया गया है 20 बेड का डेंगू आईशोलेशन वार्ड

संजय शर्मा

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि इन दिनों वैक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, चिकनगुनिया तथा डेंगू जैसी कई बीमारियां होने का खतरा रहता है। ऐसे में सभी को सावधानियां बरतनी चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग ने निजी लैब से डेंगू की जांच के लिए (एलाइजा टेस्ट) 600 रुपये का रेट निर्धारित किया है और नागरिक अस्पताल में यह जांच फ्री में की जाती है। अगर कोई निजी लैब संचालक डेंगू जांच के लिए अधिक पैसे वसूलता पाया जाता है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। लैब प्राइवेट अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि वे टेस्ट रेट की डिस्पले लैब के बाहर लगाएं, ताकि सभी मरीजों को निर्धारित रेट का पता चल सके। डीसी प्रशांत पंवार शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला मलेरिया कार्यकारिणी समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि जिले में वर्ष 2019 से लेकर अब तक मलेरिया का कोई केस नहीं आया है। भविष्य में भी कोई केस ना आए इसके लिए हमें सतर्क रहते हुए उचित कदम उठाने होंगे। मच्छरजनित हॉट स्पॉट की पहचान की जाए, घर, ऑफिस या निर्माण स्थल पर जलभराव न होने दें। रोडवेज परिसर में रखे पुराने टायरों में पानी भरा हो तो उसकी सफाई करवा दें तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सड़कों के गड्डे भर दें ताकि बारिश के मौसम में इनमें पानी नहीं भरें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष डेंगू का एक भी केस सामने नहीं आया है, हालांकि पिछले वर्ष डेंगू के 118 केस आए थे। उन्होने कहा कि सभी प्राइवेट अस्पतालों एवं लैब द्वारा किसी भी प्रकार के संदिग्ध या पॉजिटिव केस मलेरिया, डेंगू, जापानी बुखार, चिकनगुनिया की सूचना सिविल सर्जन कार्यालय को दी जानी आवश्यक है। इस मौके पर सीटीएम गुरविंद्र सिंह, सीएमओ डॉ रेनू चावला, डॉ. नीरज मंगला, जीएम रोडवेज कमलजीत, रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल, ईओ कुलदीप मलिक आदि मौजूद रहे। सिविल सर्जन डा रेनू चावला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु 244 टीमों का गठन किया है जो लोगों को जागरूक कर रही तथा लारवा की चैकिंग कर रही है। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर-घर जाकर बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई जा रही है तथा सोर्स रिडिक्शन एक्टिविटी करवाई जायेगी। इसी कड़ी में जिले में अब तक 37 हजार 579 बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई गई। जहां पर भी लारवा पाया जाता है उनको नोटिस दिया जा रहा है तथा चालान किया जा रहा है।

न्यूज डायरी

चौथे दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का प्रदर्शन

इंद्री, (जगमार्ग न्यूज)। आल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन सब यूनिट गढ़ी बीरबल द्वारा गढ़ीबीरबल पावर हाउस में किया जा रहा प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने एसडीओ पर समस्याओं के प्रति उदासीनता बरतने और तानाशाही व्यवहार करने के आरोप लगाए। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट गढ़ी बीरबल के प्रधान जय कुमार ने की और संचालन सब यूनिट सचिव बलिंद्र ने किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राज्य कमेटी सदस्य मलकीत सिंह और यूनिट नं-1 के प्रधान राजीव राठी, सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक इंद्री के प्रधान व यूनिट नं-1 के सचिव शंटी कंबोज, इंद्री सब यूनिट के प्रधान मनीष, सचिव संजीव मालिक ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित किया। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, संदीप गुज्जर, अनुराग, अमित, मालती, नवीन, सुमित, ऋषिपाल, मलकीत एलडीसी व संजीव मौजूद रहे।

पूंडरी अनाज मंडी से ओक्सनर राकेश कुमार हुए सेवानिवृत, किया सम्मानित

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। पूंडरी अनाज मंडी में कार्यरत लाला राकेश कुमार 33 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। इस मौके पर मंडी में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ओक्सनर एसोसिएशन के प्रधान राजेंद्र शर्मा ने की व मुख्य रूप से मार्केट कमेटी के मंडी सुपरवाइजर वीरेंद्र सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह ने कहा कि राकेश ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने कार्य को पुरी निष्ठा, परिश्रम, लगन व मेहनत से किया है। उनकी कार्यशैली से दूसरे साथियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए कि किस प्रकार से उन्होंने अपने कार्य को किया है। इस मौके पर उन्हें सम्मान की प्रतीक पगड़ी पहनाकर, छाता व उपहार देकर सम्मानित किया गया। राकेश कुमार ने कहा कि जो सम्मान उन्हें दिया गया है, वे सदैव इसके आभारी रहेंगे। इस मौके पर जयवीर शर्मा, सुरेंद्र मैहला, कृष्ण कुमार, बलवान सिंह, जयपाल शर्मा, रामनिवास, रकम सिंह, मार्केट कमेटी से परीक्षित, दिलबाग सिंह व अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 220 मरीजों ने करवाई जांच

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। गांव संगरौली में सैन चौपाल में विशाल निशुल्क आंखों का जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 220 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। गांव के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र पुंडीर ने बताया कि कल 27 अप्रैल को जिन मरीजों के आंखों के लैंस डलने हैं और जिनके आपरेशन होने हैं वे करवाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज शिविर में 50 मरीजों को चश्मा लगाया गया व 20 मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क लैंस लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मानव कल्याण सेवा चेरिटबल द्वारा आयोजित इस शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाईयां वितरित की गई साथ ही नजदीक का चश्मा मात्र 150 रुपए में उपलब्ध करवाया गया। जितेंद्र पुंडरी ने कहा कि उनका प्रयास है कि गांव का कोई भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति ईलाज से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर में गांव में समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे।

महिलाएं व बच्चे अपने अधिकारों से वंचित न रहे : सविता राणा

नीलोखेड़ी, (जगमार्ग न्यूज)। नीलोखेड़ी के खंड महिला एवं बाल विकास कार्यालय में बाल विवाह ,बाल व महिला हिंसा को लेकर एमडीडी ऑफ इंडिया, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व जिला बाल एवम् महिला संरक्षण अधिकारी सविता राणा की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर वीना बब्बर,नेहा व पूनम शर्मा ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर गांव में प्रत्येक परिवार तक पहुंचने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बाल एवं महिला संरक्षण अधिकारी सविता राणा ने कहा कि आज जानकारी के अभाव में महिलाएं व बच्चे अपने अधिकारों से वंचित न रहे। उन्होंने बच्चें,महिला व बुजुर्गो के क्या क्या अधिकार है इस विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। महिला संरक्षण संस्थागत अधिकारी सीमा नैन ने कहा कि आंगनवाड़ी में बच्चें व महिलाओं के साथ न हो छेड़छाड़ इसका पूरा ख्याल रखे। बाल विवाह पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए शपथ दिलवाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर वीना बब्बर,नेहा, पूनम शर्मा, राजेश कुमार, पूनम श्योराण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोष बुटाना, कामिनी नीलोखेड़ी, मंजू पधाना, सुदेश नडाना, अमनदीप गालिब खेड़ी, कुलजीत कौर संधीर सहित सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल रही।

कम खर्च पर मक्की की अधिक पैदावार ले सकते हैं किसान: विकास पंवार

निसिंग, (जगमार्ग न्यूज)। गांव बरास के प्रगतिशील किसान गुरचरण सिंह के कृषि फार्म पर शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम ने मक्का के खेतों का दौरा किया। जिसमें कृषि विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक विकास पंवार ने अपनी टीम सहित पहुंच मक्का के खेत में पहुंचे। विकास पंवार ने किसानों की बैठक में बताया कि विभाग की ओर से किसानों द्वारा कृषि कार्यो में लगातार किए जा रहे भूजल दोहन को कम करने के लिए किसानों को उनके खेतों व गांव-गांव जाकर मक्का की खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि निरंतर गिरते भूजल स्तर को बचाने के साथ साथ कम खर्च वाली फसल उगाकर किसानों को आर्थिक घाटे से उभारा जा सके। जिसमें प्रति एकड़ 60 से 65 मन की औसत देने वाली किस्म 3022, पी 3396, एनएमएच 920 व जीए 95 हाईब्रिड की उत्तम किस्म के बीज हैं। मक्का की बिजाई करने वाला किसान एक वर्ष में तीन फसल उगाकर कम खर्च पर धान की अपेक्षा अधिक मुनाफा कमा सकता है। जिसमें किसानों को पेस्टीसाईड़ व रसायन रहित अनाज के साथ साथ पशुओं के लिए सूखा चारा भी मिलता है। उन्होंने किसानों को खेती में होने वाले घाटे से बचने के लिए मक्का की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। विकास पंवार ने बताया कि मक्का की खेती करने वाला किसान कम खर्च पर फसल की अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकता है। बत्तर खेत में इसी विधि से बिजाई कर किसान फसल का जमाव होने के बाद उसमें मौसमानुसार सिंचाई करें। फसल में आने वाली बीमारियों की रोकथाम व फसलों से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अपने नजदीकि खंड कृषि कार्यालय में पहुंच कृषि विकास अधिकारी से सलाह लें। इस मौके पर मनदीप सिंह, संदीप कुमार, पवन कुमार, सुरेश कुमार सहित अन्य किसन मौजूद रहे।

बुलेट बाइकों पर पुलिस रख रही पैनी नजर

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही बरतने वाले के साथ एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए चालान करने के साथ साथ जागरूक किया जा रहा है। पटाखे की आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाते हुए निरंतर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि बुलेट चालक अपने बुलेट बाइक का साइलेंसर चेंज करवा कर पटाखे बजाकर दहशत फैलाने का काम करते है। एसे बाइक चालको पर सख्त एक्शन लेने के लिए एसपी उपासना द्वारा आदेश दिए गए है। इसी कड़ी में निरंतर रूप से ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की टीम द्वारा एसे बुलेट बाइक चालकों को काबू करके नियमानुसार चालान करके मौके पर बुलेट बाइक के मॉडिफाई साइलेंसर चेंज करवाए जा रहे है। शुक्रवार को चीका में इस तरह के बाइको के चालान किए गए तथा शहीद उधम सिंह चौक चीका पर करीब 60-70 मॉडिफाइड साइलेंसर को डिस्ट्रोय किया गया। एसपी उपासना ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी यातायात नियमों की पालना करें। बाइक साइलेंसर की मार्फत पटाखे की आवाजें निकालने कारण कोई अप्रिय दुर्घटना हो सकती है। बाइक चालक अपना साइलेंसर मॉडिफाई ना करवाएं तथा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग ना करें। चालान करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोग